रौल नं0.....नाम परीक्षार्थी.....

VIII-15 वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई० A

विज्ञान

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 8 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्न खण्डों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए:– 10

(क) सौर ऊर्जा को सीधे विद्युत ऊर्जा में बदला जाता है :–
(अ) सौर भट्टी (ब) सौर सेल द्वारा
(स) सोलर कुकर द्वारा (द) सौर जल ऊष्मक द्वारा।

(ख) Print आप्शन होता है :–
(अ) File मेन्यू में (ब) पेराग्राफ (Paragraph) मेन्यू में
(स) टेबल मून्य में (द) इनमें से कोई नहीं।

(ग) Python में 56 को संग्रहित (save) करने के लिए कौन–सा डेटा टाइप उपयोग किया जाता है :–
(अ) int (इन्ट) (ब) string (स्ट्रिंग)
(स) Float (फ्लोट) (द) Boolean (बूलियन)

(घ) किसी स्थान पर बम रखे होने की सूचना मिलने पर उसे किसके द्वारा निष्क्रिय कराना सबसे सुरक्षित होगा :–
(अ) कुत्ता (ब) रोबोट
(स) पुलिस (द) बहादुर व्यक्ति।

(ङ) शैल विण्डों होती है :–
(अ) इनपुट विन्डो (ब) रनविन्डो
(स) डेटा विन्डो (द) वेरिएबल विन्डो।

2. निम्न में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 10

(क) बायोगैस मुख्यतः ..... और ..... का मिश्रण है।
(ख) मेट्रोपोलिटन एरिया नेटवर्क को ..... कहते है।
(ग) संख्यात्मक मान ..... गणनाओं पर लागू कर सकते है।
(घ) मौसम की सही जानकारी के लिए वर्तमान समय में हम ..... का उपयोग करते है।
(ङ) जटिल सर्जरी के लिए आधुनिक समय में ..... का प्रयोग किया जाता है।

3. निम्नलिखित कथनों में सही तथा गलत का चिन्ह लगाइए :– 12

(क) स्पेलिंग और ग्रामर चेकर को बंद किया जा सकता है।
(ख) आप बस रो और कॉलम के शीर्षक पर क्लिक करके उन्हें हाईलाइट कर सकते है,
(ग) Forever लूप का प्रयोग किसी लूप को लगातार चलाने के लिए किया जाता है।

(पृष्ठ पलटिए)

(घ) प्रोग्राम को रन करते समय हमारी वैल्यू वेरियेबल में स्टोर होती है।
(ङ) True और False फ्लोट (Flo) डेटा टाइप है।
(च) एम.एस. वर्ड में रो या कॉलम को मर्ज किया जा सकता है।

4. निम्न प्रश्न में चार पद है जिसमें एक पद अन्य तीन पद से भिन्न है, भिन्न पद पहचान कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए:- 10

(क) डीजल, पेट्रोल, सूर्य, मिट्टी का तेल।
(ख) वायु, जल, बायोगैस, कोयला।
(ग) सोलर-कुकर, सौर सेल, वायु, सौर जल ऊष्मक
(घ) ईंधन, अनाज, फल, सब्जियाँ।
(ङ) हीरा, कोयला, जन्तु चारकोल, काजल।

5. किन्हीं पाँच खण्डों के उत्तर दीजिए (लघु उत्तरीय प्रश्न) :- 30

(क) प्राथमिक सेल व द्वितीयक सेल में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
(ख) सीमित ऊर्जा व असीमित ऊर्जा के तीन-तीन उदाहरण लिखिए।
(ग) आर्कमिडीज का सिद्धान्त क्या है?
(घ) अपररूप क्या होते है? कार्बन के अपर रूप का उल्लेख कीजिए।
(ङ) सूक्ष्मदर्शी किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते है?
(च) पेट्रोल की जीवाश्म ईंधन क्यों कहते है?
(छ) आप पिन को नुकीला क्यों बनाते हैं?

6. किन्हीं दो खण्डों के उत्तर दीजिए (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) :- 16

(क) प्रकाश का अपवर्तन किसे कहते है? प्रकाश के अपवर्तन सम्बन्धी नियमों को लिखिए।
(ख) ऊर्जा के अनवीकरणीय स्रोतों का संरक्षण किस प्रकार किया जा सकता है? विस्तार से समझाइए।
(ग) नेत्र दोष किसे कहते है? यह कितने प्रकार का होता है? निकट दृष्टि दोष कैसे दूर करेंगे?

7. निम्नलिखित में स्तम्भ 'क' का मिलान स्तम्भ 'ख' से कीजिए :- 12

	स्तम्भ-क	स्तम्भ-ख
क.	अमीटर को जोड़ते है	ताँबा
ख.	वोल्ट मीटर से नापते हैं	शुष्क सेल से
ग.	पुनः आवेशित नहीं हो सकता	विभवान्तर
घ.	प्रतिरोध	श्रेणीक्रम में
ङ.	मेन्स से प्राप्त धारा	प्रत्यावर्ती
च.	विद्युत चालक पदार्थ	ओम।